आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपसमूह में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 'संरक्षित खेती' योजना लागू की जा रही है।
2. भूमि संसाधनों की रक्षा करने के उद्देश्य से आज 'विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस' मनाया जा रहा है।
3. कला एवं संस्कृति निदेशालय रंगमंच को बढ़ावा देने के लिए 25 जून से थिएटर कार्यशाला आयोजित करेगा।
4. लेह–लद्दाख में आयोजित होने वाले विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में द्वीपसमूह से नौ सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी द्वीपसमूह में जलवायु–अनुकूल और उच्च मूल्य वाली बागवानी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026–27 के दौरान एकीकृत बागवानी विकास मिशन के राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 'संरक्षित खेती' योजना को लागू कर रही है। संरक्षित खेती किसानों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति से निपटने, पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती हैं। इस परियोजना के तहत, पात्र किसानों को संरक्षित खेती संरचनाएं स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता प्राकृतिक रूप से हवादार पॉली हाउस, बांस, केबल पर्लिन पॉली हाउस, शेड नेट हाउस और वीड मैट के लिए उपलब्ध होगी। अधिक जानकारी के लिए विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों और संबंधित विस्तार कर्मचारियों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भूमि संसाधनों की रक्षा करने और भूमि क्षरण, मरुस्थलीकरण तथा सूखे से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 17 जून को 'विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। यह आयोजन सरकारों, संस्थानों और समुदायों को पर्यावरणीय सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ भूमि–उपयोग प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस वर्ष का विषय "चारागाह– पहचानें, सम्मान करें, पुनर्स्थापित करें" है। भूमि क्षरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग से वनस्पतियों को नुकसान, मिट्टी का कटाव, पानी की उपलब्धता में कमी, जैव विविधता में गिरावट और जलवायु से संबंधित आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है।

इस अवसर पर लोगों से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, मृदा संरक्षण और पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा करने को कहा है।

<><><><><><><>

अपराध एवं आर्थिक अपराध पुलिस थाना में हाल ही में दर्ज एफआईआर की की जांच जारी है। जांच के दौरान मेटालॉइड्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जयंत बिस्वास द्वारा नया शहर में कार्यालय स्थापित कर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर द्वीप समूह के लोगों को ऊंचे रिटर्न के आश्वासन पर पैसा लगाने का मामला सामने आया। उन्होंने विभिन्न निवेशकों से लगभग 44 लाख रूपये की राशि एकत्र की है। पुलिस ने ऐसे सभी निवेशकों, जिनके इस लेनदेन से संबंधित कोई दावा, शिकायत या प्रासंगिक जानकारी है, उनसे जल्द से जल्द जांच अधिकारी, उपनिरीक्षक शाजी मैथ्यू से संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों के मद्देनजर अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के चलते नेताजी स्टेडियम खेल परिसर स्थित मल्टीपर्पज इनडोर स्पोर्ट्स हॉल, आज और कल बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की सभी गतिविधियां निलंबित रहेंगी।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से मायाबंदर में खेलो इंडिया केंद्र अब तत्काल प्रभाव से दोबारा खोल दिया गया है। यह केंद्र 10 से 20 वर्ष के आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों को निशुल्क फुटबॉल कोचिंग प्रदान करेगा। इस केन्द्र के लिए पूर्व चैंपियन एथलीट के. सत्य राज को कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। 10 से 22 वर्ष के आयु वर्ग के इच्छुक खिलाड़ी नेताजी स्टेडियम, मायाबंदर में अपना नामांकन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कोच के. सत्य राज से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय रंगमंच को बढ़ावा देने के अपने प्रयास के तहत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से थिएटर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। 25 जून से शुरू होने वाले इस माहव्यापी कार्यशाला में इस संबंध में इच्छुक कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यशाला के लिए केवल 30 व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रतिष्ठित संकायों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को अभिनय प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन अवसर पर एनएसडी द्वारा एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 जून है। अधिक जानकारी के लिए कला एवं संस्कृति निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

लेह–लद्दाख में आयोजित होने वाले विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में द्वीपसमूह के विभिन्न कॉलेजों से नौ सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम कल से 25 जून तक चलेगा। विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व, स्वयंसेवा, राष्ट्रीय अखंडता, व्यावहारिक शिक्षा और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के साथ जुड़े राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय युवा भागीदारी को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय का पैनल तैयार करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दी गई है। इस पद के लिए इच्छुक उम्मीदवार अब 25 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

इस बीच, कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के घटक अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अतिथि संकाय का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार को एक हजार पांच सौ रूपये प्रति व्याख्यान का भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार तक हो सकता है। यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी होगी। विस्तृत नोटिस, आवेदन फॉर्म और सेल्फ–मार्किंग प्रोफार्मा कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ 29 जून दोपहर साढ़े तीन बजे तक कॉलेज के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत राज्य बाल संरक्षण समिति, की ओर से बाल अधिकारों, शिक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बाल श्रम विरोधी विश्व दिवस' के अवसर पर सेवा निकेतन, डेयरी

फार्म में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और SALSA के सदस्य सचिव, राशिद आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक रविंदर कुमार, श्रम विभाग के अधिकारी, बाल देखभाल संस्थानों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, क्योंकि ये बाल अधिकारों, संरक्षण और कल्याण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान बाल देखभाल संस्थानों का संचालन करने वाले विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों के प्रभारियों को बच्चों की देखभाल, संरक्षण और विकास के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले पांच दिनों तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार एक–दो स्थानों पर गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी, जिसके बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटे होने की आशंका है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>